# एम.पी.पी.सी.एस. मुख्य परीक्षा-2018
# सामान्य अध्ययन (द्वितीय प्रश्न पत्र)
# MPPCS Mains Paper-2018
# General Studies
# (Question Paper-II)

M-2018/I

# सामान्य अध्ययन GENERAL STUDIES

## द्वितीय प्रश्न-पत्र Second PAPER

**परीक्षार्थियों के लिये निर्देश:**

**Instructions to the candidates :**

इस प्रश्न-पत्र में खंड-अ एवं खंड-ब हैं। प्रत्येक खंड 150 अंक का है

This questions paper consists of Part-A and Part-B. Each part carries 150 Marks.

1. इस प्रश्न-पत्र के प्रत्येक खंड में कुल तीन प्रश्न है। सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। प्रश्न क्रमांक 02 तथा 03 में आंतरिक विकल्प है। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 100 है तथा प्रश्न क्रमांक 03 में शब्द सीमा 300 है।
   Each part of this questions paper consists of 03 questions. All questions are compulsory. Question No.02 and 03 have an internal choice. For Questions No.02 word limit is 100 words and for Question No. 03 word limit is 300 words.
2. प्रश्नों के उत्तर माध्यम में लिखे जाने चाहिये जिसका चयन आपने अपने आवेदन-पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गये उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा। सभी 03 प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिख जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें। परीक्षा में सामान्य कैलकुलेटर ही उपयोग में लिया जा सकता है, साइन्टिफिक नहीं।
   Answers should be written in the medium which you have opted in your Application Form. No marks will be awarded, if the answer is written in any other medium. All the three questions must be answered. Questions should be answered exactly in order in which they appear in the questions paper. Answers to the various parts of the same questions should be written together compulsorily and answers of other questions should not be inserted between them. Simple calculator alone can be used in the exam, not the Scientific one.
3. प्रथम प्रश्न लधु उत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में देना है।
   The first questions is of short answer type consisting of 15 compulsory questions. Each one is to be answered in one or two lines.
4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसका अवश्य पालन करें।
   Wherever word limit has been given, it must be adhered to.
5. यदि किसी प्रश्न मे किसी प्रकार कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरण में से अंग्रेजी रूपांतर मानक माना जायेगा।
   In case there is any error of printing or factual nature, then out of the Hindi and English versions of the questions, the English version will be treated as standard.

## खण्ड-अ / Part-A

1. निम्नलिखित 15 प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक 1 या 2 पंक्तियों में लिखिए: 3×15=45
   Answer the following 15 questions in 1 or 2 lines each :
   (a) भारत के संविधान का प्रारूप किसके द्वारा तैयार किया गया था?
   Who prepared the draft of the Constitution of India?
   (b) सरदार वल्लभभाई पटेल संविधान-सभा की किस समिति/समितियों के अध्यक्ष थे?
   Sardar Vallabhbhai Patel was the Chairman of which committee/committees of the Constituent Assembly?
   (c) "भारत का संविधान विश्व का वृहत्तम संवैधानिक दस्तावेज है।" स्पष्ट कीजिए।
   "The Constitution of India is the, largest constitutional document of the World." Explain.
   (d) भारत के संविधान पर कनाडा एवं आयरलैण्ड के संविधानों का क्या प्रभाव है?
   What is the impact of the Constitutions of Canada and Ireland on the Constitution of India?

(e) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 के प्रावधान को स्पष्ट कीजिए।

Clarify the provision of Article 14 of the Constitution of India.

(f) भारतीय संविधान के 73वें संशोधन अधिनियम के कोई दो प्रमुख प्रावधानों को लिखिए।

Write down any two main provisions of the 73rd Amendment Act of the Indian Constitution.

(g) संवैधानिक प्रावधान के तहत भारतीय संसद के गठन को लिखिए।

Write the constitution of Indian Parliament as per the provision of the Constitution.

(h) "भारतीय संविधान में, मूल अधिकार और राज्य के नीति निर्देशक तत्त्व एक-दूसरे के पूरक हैं।" समझाइए।

"In Indian Constitution, the fundamental rights and the directive principles of state policy are the component parts of each other." Explain.

(i) भारत में वित्त आयोग के गठन को स्पष्ट कीजिए।

clarify the constitution of Finance Commission in India.

(j) भारत में नगरीय स्थानीय स्वशासन निकायों के लिए संविधान में कौन-सा भाग और नई अनुसूची जोड़ी गई है?

Write the part of the Constitution and new Schedule which were added in the Constitution of India for urban local self-bodies.

(k) स्वतंत्र भारत में भारतीय संसद की अनुमान समिति की स्थापना किस वर्ष एवं किस उद्देश्य से हुई थी?

In which year was the Estimates Committee of Indian Parliament established in Independent India and with what aim?

(l) भारत में सम्पत्ति के अधिकार को मूल अधिकारों में से हटाने का प्रमुख कारण क्या था?

What was the main cause of removal of the right of property from the fundamental rights in India?

(m) भारतीय संविधान तथा संसदीय सरकार की परम्पराओं के तहत राज्यपाल के कोई दो स्वविवेकीय अधिकारों को लिखिए।

Write any two discretionary powers of a Governor as per the provision of the Indian Constitution and Conventions of Parliamentary Government.

(n) भारतीय संविधान की 11वीं अनुसूची किसे बारे में है? इसमें सम्मिलित किन्हीं चार विषयों को लिखिए।

About what the $11^{th}$ Schedule of the Constitution of India is there? Write any four subjects of the Schedule.

(o) भारतीय निर्वाचन व्यवस्था की कतिपय कमियों को निर्दिष्ट कीजिए।

Identify the few shortcomings of the election system in India.

2. किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है: 6×10=60

Answer any 10 questions. Answer each question nearly in 100 words. Each question carries 6 marks :

(a) भारत तथा संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधानों की प्रस्तावना की तुलना कीजिए।

Make a comparison of Preambles of the Constitutions of India and United States of America.

(b) भारत की संविधान-सभा के सामने प्रमुख मुद्दे क्या थे? स्पष्ट कीजिए।

What were the main issues before the Constituent Assembly of India? Explain.

(c) "संघीय सर्वोच्चता, भारत में शासकीय व्यवस्था का मौलिक तत्त्व है।" समझाइए।

"The federal, supremacy is the fundamental element of the system of governance in India." Explain.

(d) भारत में केन्द्र-राज्यों के मध्य प्रशासनिक सम्बन्धों को स्पष्ट कीजिए।

Clarify the administrative relations between the Union and the States in India.

(e) भारत में राज्यपाल-पद के औचित्य व महत्त्व की समीक्षा कीजिए।

Examine the justification and significance of the post of Governor in India.

(f) भारत में संसदीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करने हेतु कौन-कौन सी आवश्यक शर्तें हैं? स्पष्ट कीजिए।

Which are the necessary conditions to strengthen the parliamentary democracy in India? Explain.

(g) भारतीय राष्ट्रपति के प्रमुख विशेषाधिकार और उनके महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

Make the clarifications of the prerogatives of the Indian President and their importance.

(h) भारतीय राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री के सम्बन्धों का मूल्यांकन कीजिए।

Evaluate the relationship of Indian President and Prime Minister.

(i) भारत में ग्रामीण नौकरशाही तथा उसकी पंचायती राज संस्थाओं में धरातलीय स्तर पर भूमिका का आकलन कीजिए।

Make an assessment of the rural bureaucracy arid its role in Pahchayati Raj Institutions at the grass-root level in India.

(j) भारत में अधीनस्थ न्यायालयों की संरचना और उनके संवैधानिक आधार की विवेचना कीजिए।

Explain the structure of the subordinate courts and their constitutional basis in India.

(k) भारत में कानूनत: प्रस्तावित, लोकपाल का पद व उसके क्षेत्राधिकार की विवेचना-कीजिए।

Explain the proposed office of Lokpal in the law and his jurisdictions in India

(l) भारत के कोई दो प्रमुख राजनीतिक दलों की विचारधारा और कार्यक्रम बताइए।

Discuss the ideology and programme of any two major political parties in India.

(m) "मौलिक अधिकारों के संरक्षण हेतु न्यायपालिका हित प्रहरी/रक्षक है।" समीक्षा कीजिए।

"Judiciary is a watchdog to protect the fundamental rights." Evaluate.

3. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का है: 15×3=45

Answer the following questions nearly in 300 words each. Each question carries 15 marks:

(a) भारतीय संविधान में प्रावधित राज्य के नीति निर्देशक तत्त्वों की मूलभूत मान्यताओं व उपयोगिता पर एक आलोचनात्मक लेख लिखिए।

Write a critical essay on basic assumptions and utilities of the directive principles of state policy as provided by the Constitution of India.

**अथवा/Or**

राज्य सूचना आयोग तथा इसकी शक्तियों व कार्यों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Critically examine the State Information Commission and its powers and functions.

(b) राज्य में कार्यरत ग्रामीण स्थानीय स्वशासन संस्थाओं के कार्यकरण व समस्याओं पर एक आलोचनात्मक लेख लिखिए।

Write a critical note on the working and problems of rural local self-government in State.

**अथवा/Or**

भारत में घरेलू हिंसा तथा महिलाओं का उससे संरक्षण के विधिक रूप को स्पष्ट कीजिए।

Clarify the legal form of the domestic violence and the protection of women from it in India.

(c) भारत में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की संरचना एवं कार्यों की विवेचना कीजिए।

Explain the structure and functions of the National Commission for Scheduled Tribes in India.

**अथवा/Or**

भारतीय संविधान के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न प्रकार की अधिकारिता का विश्लेषण प्रस्तुत कीजिए।

Present an analysis of the different types of jurisdictions of the Supreme Court according to the Constitution of India.

## खण्ड-ब / Part-B

1. निम्नलिखित 15 प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक 1 या 2 पंक्तियों में लिखिए : 3×15=45

Answer/Write the following 15 questions in 1 or 2 lines each:

(a) सामाजिक विधान क्या हैं?

What are social legislations?

(b) पुनःस्थापन और पुनर्वास नीति, 2007

Rehabilitation and Rehabilitation Policy, 2007

(c) श्रम-विभाजन क्या है?

What is division of labour?

(d) कौशल विकास कार्यक्रम क्या है?

What is skill development programme?

(e) चिकित्सा की आयुष (AYUSH) पद्धति

AYUSH method of medication

(f) 'वृद्धावस्था' से क्या तात्पर्य है?

What is meant by 'old age?

(g) बायोटेक्नोलॉजी का प्रत्यय

Concept of Biotechnology

(h) मानव अधिकार सूचकांक

Human Right Index

(i) भ्रष्टाचार की संथानम कमेटी

Santhanam Committee, of Corruption

(j) कुपोषण के कारण

Causes of malnutrition

(k) बाल-दुर्व्यवहार से आप क्या समझते हैं?

What do you understand by child abuse?

(i) ई-समावेशन परियोजना

E-inclusion project

(m) राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम

National Child Health Programme

(n) एकसमान प्राथमिक शिक्षा

Uniform Elementary Education

(o) निर्भया कोष

Nirbhaya fund

2. निम्नलिखित में से किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 100 शब्दों में दीजिए। 6×10=60

Answer any 10 questions. Answer each question in about 100 words :

(a) भारत में मानव संसाधन की संरचना की विवेचना कीजिए।

State the structure of human resource in India.

(b) चिकित्सा के क्षेत्र में चिकित्सा सहायकों की क्या भूमिका है? विस्तृत वर्णन कीजिए।

What is the role of paramedical staff in medical field? Elaborate.

(c) भारत के व्हिसल-ब्लोअर कानून की समीक्षा कीजिए।

Evaluate the whistle-blower law of India.

(d) उपभोक्ता कौन है? उपभोक्ता के मूलभूत अधिकार क्या हैं?

Who is consumer? What are the basic rights of consumer?

(e) मानव विकास सूचकांक के प्रमुख संकेतक कौन-कौन से हैं? विस्तृत चर्चा कीजिए।

What are the main indicators of Human Development Index? Elaborate.

(f) जनांकिकीय लाभांश का क्या अर्थ है? इसका क्या महत्त्व है?

What is the meaning of demographic dividend? What is its importance?

(g) वृद्धावस्था के भारतीय परिदृश्य पर प्रकाश डालिए।

Highlight the Indian scenario of aging.

(h) भारत में व्यावसायिक शिक्षा की क्या आवश्यकता है? स्पष्ट कीजिए।

What is the need of vocational education in India? Explain.

(i) विस्थापन, विकास का परिणाम है। स्पष्ट कीजिए।

Displacement is the result of development. Explain.

(j) आप सामाजिक रूप से वंचित वर्ग किसे कहेंगे? समाज में इसका जन्म क्यों होता है?

To whom will you say the socially deprived class? Why does it originate in society?

(k) मध्य प्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 में दिए गए प्रमुख प्रावधानों का वर्णन कीजिए।

Describe the main provisions given in Madhya Pradesh Lok Sewaon Ke Pradaan Ki Guarantee Act, 2010.

(l) मध्य प्रदेश की 'सांझा चूल्हा योजना' क्या है? इसके प्रभाव का वर्णन कीजिए।

What is 'Sanjha Chulha Yojna' of Madhya Pradesh? Elaborate its impact.

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 300 शब्दों में लिखिए : 15×3=45

Answer the following questions in about 300 words each :

(a) सूचना प्रौद्योगिकी से आपका क्या आशय है? सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 में दिए गए प्रमुख प्रावधानों पर प्रकाश डालिए।

What do you mean by Information Technology? Highlight the specific provisions given in the Information Technology Act, 2000.

(b) भारत में मुक्त विश्वविद्यालयों का उच्च शिक्षा के विस्तार में क्या योगदान रहा है? विस्तार से बताइए।

What has been the contribution of Open Universities in extension of higher education in India? Write in detail.

**अथवा/Or**

प्रतिरक्षण के क्षेत्र में क्या-क्या तकनीकी हस्तक्षेप रहे हैं? विस्तार से वर्णन कीजिए।

What technological interventions has been in the field of immunization? Describe in detail.

(c) भारत में संसदीय लोकतंत्र में लेखा-नियंत्रक एवं महालेखा-परीक्षक की भूमिका का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Critically evaluate the role of the Comptroller and Auditor General in parliamentary democracy in India.